# रिपोर्ट :- शिक्षक अभिभावक मिलन

## हिंदी विभाग

## 21.03-2021

<u>गुरु नानक कॉलेज, धनबाद के हिन्दी विभाग के द्वारा शिक्षक -अभिभावक मिलन कार्यक्रम का आयोजन</u>

आज दिनांक - 21 मार्च 2021 को गुरु नानक कॉलेज, धनबाद के हिन्दी विभाग के द्वारा कॉलेज के भूदा कैंपस में शिक्षक-अभिभावक मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया I इस कार्यक्रम में हिन्दी विभाग में अध्ययनरत 146 (73 -73) की संख्या में छात्रों एवं उनके अभिभावकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की I इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य प्रो पी शेखर ने की I उन्होंने अपने सम्बोधन में कक्षाओं में छात्रों की उपस्थिति के साथ ही कॉलेज लाइब्रेरी, NSS, NCC, स्पोर्ट्स एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में उनकी सक्रिय सहभागिता को आवश्यक एवं महत्वपूर्ण बताया I इस कार्यक्रम में सम्मिलित अभिभावकों एवं छात्रों ने विभाग द्वारा उपलब्ध फीडबैक प्रपत्रों पर शैक्षणिक एवं छात्र हित सम्बंधित सुझाव दर्ज किये I विभागाध्यक्ष, सोनू प्रसाद यादव ने अतिथियों का स्वागत किया एवं अपने सम्बोधन में विभाग के द्वारा शैक्षणिक एवं अन्य क्रियाकलापों सम्बंधित विषयों पर नीतिगत जानकारी दी I उन्होंने विशेष तौर पर कहा कि बीते वर्ष Covid - 19 के कारण कक्षाओं का face to face संचालन बाधित होने के बावजूद विभाग की ओर से शैक्षणिक कक्षाएँ एवं आतंरिक परीक्षा एवं सम्बंधित गतिविधियों को ऑनलाइन माध्यम से निरंतर रूप से छात्रों एवं छात्राओं को सफलतापूर्वक उपलब्ध कराया गया एवं वर्तमान व भविष्य में भी ऐसी गतिविधियां बनी रहेगी I समारोह में उपस्थित अभिभावकों की ओर से विभाग के द्वारा किये गए इस कार्यक्रम को सराहा गया I धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ I इस अवसर पर कॉलेज के बैंक मोड़ कैंपस की प्रोफेसर इंचार्ज एवं I.Q.A.C कोर्डिनेटर , डॉ. रंजना दास , प्रो. इन-चार्ज डॉ संजय प्रसाद, भूदा कैंपस, प्रो. संतोष कुमार, विभाग की ओर से प्रो. सोनू प्रसाद यादव, प्रो. पिंकी कुमारी, प्रो. कुमारी नीतु, प्रो. सिमरन श्रीवास्तव, प्रो. साधना सिंह समेत अन्य विभाग के शिक्षकगण एवं शिक्षकेत्तर कर्मी उपस्थित थें I

हिंदी विभाग,
गुरु नानक कॉलेज, धनबाद I

***News coverage and pictures***












# आगे भी जारी रहेगी ऑनलाइन पढ़ाई की व्यवस्था : प्रो. शेखर

## गुरुनानक कॉलेज में शिक्षक-अभिभावक मिलन समारोह

जागरण संवाददाता, धनबाद : कोविड के कारण शिक्षक और छात्र आमने-सामने नहीं आ सके। इसके बावजूद कॉलेज ने छात्र-छात्राओं के पठन-पाठन बाधित नहीं होने दिया। ऑनलाइन व्यवस्था के तहत पढ़ाई पूरी कराई गई। परीक्षाएं आयोजित हुईं। विभिन्न तरह की गतिविधियों का भी संचालन इसी व्यवस्था के तहत किया गया। आने वाले दिनों में भी यह व्यवस्था संचालित रहेगी।

यह बातें गुरुनानक कॉलेज के प्राचार्य प्रो. पी शेखर ने रविवार को अभिभावक-शिक्षक मिलन को संबोधित करते हुए कहीं। यह कार्यक्रम कॉलेज के हिंदी विभाग की ओर से आयोजित किया गया था। प्राचार्य प्रो. शेखर ने कहा कि कॉलेज की ओर से छात्रों को बेहतर पुस्तकालय की सुविधा दी गई है। इसके अलावा एनएसएस, एनसीसी, खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों से जुड़े कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं।

कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों से उनका सुझाव और शिकायतें भी लिखित रूप से लिया गया। विभागाध्यक्ष सोन प्रसाद यादव ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम में समन्वय डॉ. रंजना दास, प्रो. इंचार्ज डॉ. संजय प्रसाद, प्रो. संतोष कुमार, पिंकी कुमारी, प्रो. कुमारी नीतू, प्रो. सिमरन श्रीवास्तव, साधना सिंह समेत करीब 146 छात्र और उनके अभिभावक उपस्थित थे।

अभिभावक-शिक्षक मिलन समारोह में उपस्थित अभिभावक व विद्यार्थी • जागरण

## सीबीएसई की संबद्धता के लिए आवेदन कल

जासं, धनबाद : आदर्श विद्यालय योजना के तहत चयनित जिला स्कूल धनबाद सहित पूरे राज्य के 32 स्कूलों को सीबीएसई की संबद्धता दिलाने के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 23 मार्च को की जाएगी। इसके लिए संबंधित जिलों को स्कूलों के दस्तावेज लेकर आने का निर्देश प्रशासी पदाधिकारी जयंत कुमार मिश्रा ने दिया है। स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को दो पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड, पैन कार्ड, स्कूल में योगदान करने का प्रमाण पत्र, स्कूल का लेटर पैड, ईमेल आईडी, मुहर, स्कूल की जमीन, नामांकन व आधारभूत संरचना के दस्तावेज, बैंक अकाउंट बैंक का नाम और पता के साथ-साथ जिला के अग्निशामक पदाधिकारी व स्वास्थ्य चिकित्सा पदाधिकारी का नाम और पता लेकर आना होगा। शिक्षा विभाग की ओर से स्कूल एफिलिएशन री-इंगेज्ड ऑटोनॉमस सिस्टम पर ऑनलाइन आवेदन सबमिट किया जाएगा। उसके लिए झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के प्रशासनिक पदाधिकारी ने जिला शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देश जारी कर दिया।

धनबाद की अन्य खबरों को दे
www.jagran.co

**Dainik Jagran**

दैनिक भास्कर

धनबाद 22-03-2021

# कक्षाओं में विद्यार्थियों की उपस्थिति के साथ अन्य गतिविधियों में भी सहभागिता जरूरी: पी शेखर

एजुकेशन रिपोर्टर | धनबाद

गुरुनानक कॉलेज, धनबाद के भूदा कैंपस में रविवार को हिंदी और अर्थशास्त्र विभाग की ओर से शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। दोनों विभागों की गोष्ठियों में अध्ययनरत विद्यार्थियों और उनके अभिभावक शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो पी शेखर ने कहा कि कक्षाओं में विद्यार्थियों की उपस्थिति के साथ ही कॉलेज लाइब्रेरी, एनएसएस, एनसीसी, स्पोर्ट्स और सांस्कृतिक गतिविधियों में सहभागिता जरूरी ओर महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में अभिभावकों और विद्यार्थियों से फीडबैक भी लिया गया। हिंदी विभागाध्यक्ष सोनू प्रसाद यादव व अर्थशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ संजय प्रसादने शैक्षणिक सहित अन्य क्रियाकलापों पर नीतिगत जानकारी दी। कहा कि कोविड-19 के कारण ऑफलाइन कक्षाएं बाधित होने के बावजूद विभाग ने शैक्षणिक कक्षाएं और आंतरिक परीक्षा ऑनलाइन माध्यम से ली। भविष्य में भी ऐसी गतिविधियां बनी रहेगी। मौके पर बैंक मोड़ कैंपस की प्रोफेसर इंचार्ज डॉ रंजना दास, प्रो संतोष कुमार, सोनू प्रसाद यादव, प्रो पिंकी कुमारी, प्रो कुमारी नीतू, प्रो सिमरन श्रीवास्तव, प्रो साधना सिंह, प्रो सुचित्रा, प्रो सरिता कुमारी आदि मौजूद थीं।



कार्यक्रम में शामिल कॉलेज के शिक्षक।